**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

पत्रांक : 2प०/पं०स०भ०–09–10/2020/984/पं०रा० पटना, दिनांक 08/6/26

## कार्यालय आदेश

राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों का निर्माण निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराये जाने हेतु राज्य सरकार कृत संकल्पित है। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा निर्मित पंचायत सरकार भवन के हस्तांतरण के पूर्व भवन में आये दरार के संबंध में श्री सुभम कुमार, सरपंच, ग्राम कचहरी–रतनी, प्रखण्ड–रतनी फरीदपुर, जिला–जहानाबाद का परिवाद विभाग को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संदर्भ में पंचायत सरकार भवन निर्माण में उत्पन्न त्रुटियों के विस्तृत जाँच हेतु विभाग स्तर से स्थल जाँच करने के लिए जाँच दल का गठन किया जाता है, जो निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | नाम | पदनाम | |
|---|---|---|---|
| 1 | (i) श्री अखिलेश कुमार सिंह | विशेष कार्य पदाधिकारी | अध्यक्ष |
| | (ii) श्री सुजीत कुमार | जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जहानाबाद | सदस्य |
| | (iii) श्री निखिल राज | प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी | सदस्य |

निदेशानुसार उपर्युक्त गठित जाँच दल दिनांक 11.06.2026 को ग्राम पंचायत–रतनी, प्रखण्ड–रतनी फरीदपुर, जिला–जहानाबाद में पंचायत सरकार भवन निर्माण का स्थलीय जाँच कर प्रतिवेदन हार्ड कॉपी में विभाग को 24 घंटे के अंदर उपलब्ध करायेंगे।

विश्वासभाजन

8/6/26

(नजर हुसैन)

अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प०/पं०स०भ०–09–10/2020/8716/पं०रा० पटना, दिनांक 08/6/2026

**प्रतिलिपि** : गठित जाँच दल के सभी पदाधिकारीगण को सूचनार्थ प्रेषित।

8/6/26

(नजर हुसैन)

अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प० / पं०स०भ०–09–10 / 2020 /** 8716 / पं०रा० पटना, दिनांक 08/6/26
**प्रतिलिपि :** जिला पदाधिकारी / उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प० / पं०स०भ०–09–10 / 2020 /** 8716 / पं०रा० पटना, दिनांक 8/6/26
**प्रतिलिपि :** मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (योजना एवं विकास विभाग) बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को कार्यपालक अभियंता, जहानाबाद को स्थल पर उपस्थित रहने का निदेश देने की कृपा करेंगे।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प० / पं०स०भ०–09–10 / 2020 /** 8716 / पं०रा० पटना, दिनांक 8/6/26
**प्रतिलिपि :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई एवं कार्यार्थ प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प० / पं०स०भ०–09–10 / 2020 /** 8716 / पं०रा० पटना, दिनांक 8/6/26
**प्रतिलिपि :** कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित अभियंता के साथ तथा सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ जाँच की तिथि को उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प० / पं०स०भ०–09–10 / 2020 /** 8716 / पं०रा० पटना, दिनांक 08/6/26
**प्रतिलिपि :** निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को प्रेषित कर निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त गठित जाँच दल हेतु विभाग स्तर से वाहन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प० / पं०स०भ०–09–10 / 2020 /** 8716 / पं०रा० पटना, दिनांक 08/6/26
**प्रतिलिपि :** आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

शुभम कुमार
( सरपंच )
ग्राम कचहरी रतनी
प्रखण्ड-रतनी फरीदपुर
( जहानाबाद )

आवासः
ग्राम-फौलादपुर,
पो०-रतनी, थाना-शकुराबाद
जिला-जहानाबाद ( बिहार )
पिन कोड- 804425
मो०-7480075047,7301874837

पत्रांक- 58/S

दिनांक:- 04/08/2025

सेवा में,

श्रीमान पंचायतीराज मंत्री महोदय
बिहार सरकार - पटना

विषय :- प्रखण्ड - रतनी फरीदपुर के पंचायत - रतनी मे नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन - इस्लाहचक (जहानाबाद) जिसके प्रत्येक रूम का दिवार मे दरार हो गया है जो अभी उद्घाटन भी नही हुआ है इसे जाँच कर विचार करने

महाशय,

उपर्युक्त विषयक मे कहना है कि प्रखण्ड - रतनी फरीदपुर (जहानाबाद) के पंचायत - रतनी मे नव-निर्मित पंचायत सरकार भवन, ग्राम-इस्लाहचक मे जो निरीक्षण के दौरान देखा कि प्रत्येक रूम मे दरार पड़ा है पंचायत सरकार भवन का अभी उद्घाटन भी नही हुआ है कि ऐसी स्थिति हो गयी तो कुछ समय बाद इस भवन कि स्थिति क्या होगी, इस भवन का निर्माण ठेकेदार द्वारा मनमानी एवं घटीयाँ किस्म के सामग्री से भवन निर्माण किये है. जिससे पंचायत की जनता, ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधि काफि दुखी है।


अतः श्रीमान से आग्रह है कि उक्त सभी बातो को ध्यान मे रखते हुये यथाशीघ्र उचित विचार करने कि कृपा किजाय।

आपका विश्वास
शुभम कुमार
04/08/2025
सरपंच
ग्राम कचहरी रतनी
रतनी फरीदपुर (जहानाबाद)


प्रतिलिपि :- (1) जिला पदाधिकारी महोदय जहानाबाद
(2) उप-विकास आयुक्त महोदय जहानाबाद
(3) मुख्यमंत्री, बिहार सरकार पटना

(Margin notes/stamps: आप्त सचिव मंत्री पंचायती राज विभाग बिहार सरकार; पंचायती राज विभाग बिहार, पटना 11 SEP 2025; A.S.; पत्रांक 959 दिनांक 09/09/2025)

(1)



(2)



खम का दीवार मे दरार का तस्वीर

